Regarding celebration of Shauriya Diwas Jayanti in Bihar

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : सभापति महोदया, आप हमेशा आसन पर बैठा कीजिए तो हम लोगों को अच्छे से बोलने का चान्स मिलेगा । आज मैं जिस विषय को रख रहा हूं, वह बिहार के 14 करोड़ नागरिकों के लिए है । इससे अफसोस जरूर होता है कि पिछले एक दशक में लगभग 4 करोड़ लोग बिहार छोड़कर चले गए, लेकिन बिहार की स्थिति आज बहुत अच्छी है ।

23 अप्रैल को बिहार में एक बड़ा समारोह किया जाता है । वीर कुँअर सिंह, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते अपनी जान गंवाई, लेकिन अंग्रेजों को भगाया, उनकी स्मृति में बिहार में शौर्य दिवस मनाया जाता है । इस बार बिहार के नागरिकों के लिए इतिहास में और आजादी के बाद पहली बार, मैं देश के प्रधान मंत्री जी और रक्षा मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि बिहार के 14 करोड़ लोगों के लिए पहली बार बाबू कुँअर सिंह की शौर्य दिवस की जयन्ती के अवसर पर पटना में गंगा पथ पर सूर्य किरण, जो भारतीय वायु सेना की एक बड़ी एयरोबैटिक टीम है, उसका एक भव्य प्रदर्शन हो रहा है । बिहार के 14 करोड़ लोगों की वीर गाथा, वीर कुँअर सिंह के शौर्य दिवस पर सूर्य किरण का प्रदर्शन होगा, जो अपने आप में अद्भुत होगा । इसके साथ-साथ, वहां आकाश गंगा का प्रदर्शन होगा । मैं बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को और देश की सरकार को इस बड़े आयोजन के लिए बधाई दूंगा कि बिहार को इस भव्यता के साथ हम सजा सकेंगे और बिहार के गौरव और शहीद कुँअर सिंह की याददाश्त को हम फिर से लोगों तक पहुंचा सकेंगे । मैं सदन के माध्यम से बिहार की जनता तक इसे पहुंचाना चाहता हूं ।